F.Y.B.A. (with Credits)-Regular-Semester 2012 Sem II

# BA12B-3-Hindi Literature हिन्दी साहित्य

P. Pages : 2

GUG/W/16/5009

Time : Three Hours

* 0 0 0 9 *

Max. Marks : 80

---

सूचना :- 1. सभी प्रश्न अनिवार्य है।

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों में से **किसी एक** ही प्रश्न का उत्तर लिखिए। **20**

i) 'कुरुक्षेत्र' काव्य का सारांश लिखकर कवि दिनकर का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

ii) 'कुरुक्षेत्र' काव्य द्वारा कवि दिनकर क्या संदेश देना चाहते हैं कथा के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

**2.** किसी एक ही समूह के सभी अवतरणो की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए। **20**

**समूह 'अ'**

क) 'सत्य ही तो, मुष्टिगत करना जिसे
चाहता था, शत्रुओं के साथ ही
उड़ गये वे तत्व, मेरे हाथ में
व्यंग्य, पश्चात्ताप केवल छोड़कर।

ख) किन्तु, मत समझो कि इस कुरुक्षेत्र में
पॉच के सुख ही सदैव प्रधान थे,
युद्ध में मारे हुओं के सामने
पॉच के सुख-दुख नहीं उद्देश्य केवल मात्र थे।

ग) हिलो-डुलो मत हृदय-रक्त
अपना मुझको पीने दो,
अचल रहे साम्राज्य शान्ति का,
जियो और जीने दो।

घ) 'सहज ही चाहता कोई नहीं लड़ना किसी से,
किसी को मारना अथवा स्वयं मरना किसी से,
नहीं दुःशान्ति को भी तोड़ना नर चाहता है,
जहॉ तक हो सके, निज शान्ति-प्रेम निबाहता है।

**अथवा**

**समूह 'ब'**

च) नर जहॉ राग से होकर रहित विचरता,
मानव, मानव से नहीं परस्पर डरता,
विश्वास. शान्ति का निर्भय राज्य जहॉ है,
भावना स्वार्थ की कलुषित त्याज्य जहॉ है।

छ) सीस पर आदेश कर अवधार्य,
प्रकृति के सब तत्व करते है मनुज के कार्य।
मानते है हुकूम मानव का महा वरुणेश,
और करता शब्दगुन अम्बर वहन संदेश।



munotes.in

ज) ''जब तक मनुज-मनुज का यह
सुख-भाग नहीं सम होगा,
शमित न होगा कोलाहल,
संघर्ष नहीं कम होगा।

झ) व्यक्ति का है धर्म तप, करुणा, क्षमा,
व्यक्ति की शोभा विनय भी, त्याग भी,
किन्तु, उठता प्रश्न जब समुदाय का,
भुलना पड़ता हमें तप-त्याग को।

**3.** किसी **एक** ही समूह के सभी प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए। **20**

**समूह 'क'**

प) सम्पर्क भाषा की उपयोगिता स्पष्ट कीजिए।
फ) मानक भाषा का महत्व विषद कीजिए।
ब) संत कबीर का परिचय लिखिए।
भ) कवि मैथिलीशरण गुप्त के साहित्य की विशेषताएॅ लिखिए।

**अथवा**

**समूह 'ख'**

त) राष्ट्रभाषा का महत्व स्पष्ट कीजिए।
थ) बोली का सोदाहरण परिचय दीजिए।
द) सुभद्राकुमारी चौहान का परिचय लिखिए।
ध) वं. राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज के कार्य लिखिए।

**4.** निम्नलिखित दस प्रश्नों में से **किसी पांच** प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर लिखिए। **10**

1) 'कुरुक्षेत्र' काव्य द्वारा कवि दिनकर क्या संदेश देना चाहते हैं?
2) मृत्यु से भीष्म क्या कहते हैं?
3) कवि दिनकर युद्ध के संबध में क्या लिखते हैं?
4) 'मनुष्य बुद्धि' के संबध मे कवि दिनकर क्या कहते हैं?
5) राष्ट्रभाषा की परिभाषा लिखिए।
6) राजभाषा की विशेषताएॅ लिखिए।
7) सम्पर्क भाषा का महत्व स्पष्ट कीजिए।
8) 'कुसुमाग्रज' शब्द को स्पष्ट करके लिखिए।
9) अयोध्यासिंह उपाध्याय 'हरिऔध' का परिचय लिखिए।
10) कबीर माला के विषय में क्या कहते हैं?

**5.** निम्नलिखित प्रश्नों के अति-संक्षिप्त उत्तर लिखिए। **10**

1) कुरुक्षेत्र के रण के लिए कौन दोषी था?
2) बोली का परिचय लिखिए। बोली किसे कहते है?
3) कबीर के काव्य द्वारा कबीर के स्वभाव का परिचय लिखिए।
4) वं. राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज के साहित्य के आधार पर इनके दो महत्वपूर्ण कार्य लिखिए।
5) द्रोणाचार्यजी ने कर्ण को शिक्षा क्यों नहीं दी थी? लिखिए।

********************



munotes.in